**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 10.11.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **घाटशिला उपचुनाव की सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी, कल सबेरे सात बजे से शाम पांच बजे तक कड़ी सुरक्षा के बीच डाले जायेंगे वोट, 14 नवंबर को होगी मतों की गिनती।**
2. **राज्य में एसआइआर की तैयारियां तेज, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी उपनिर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की वर्चुअल बैठक, दिये आवश्यक निर्देश।**
3. **राज्य में नगर निकाय चुनाव को लेकर हाईकोर्ट सख्त, 24 नवंबर को होने वाली अगली सुनवाई में चुनाव की संभावित तिथि बताने का दिया निर्देश।**
4. **जेल में बंद आइएएस अधिकारी विनय चौबे को हजारीबाग में हुए वन भूमि घोटाला मामले में भी बनाया गया आरोपी, एसीबी ने रिमांड के लिए कोर्ट से किया आग्रह।**
5. **झारखंड रजत जयंती समारोह की तैयारियां तेज, कल राजधानी रांची सहित राज्यभर में "रन फॉर झारखंड" का होगा आयोजन।**

****************

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। कल सबेरे सात बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जायेंगे। मतदानकर्मियों कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान केन्द्रों तक पहुंच गये हैं। उपचुनाव में दो लाख छप्पन हजार से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इसके लिए कुल 300 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि पारदर्शी और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी बूथों से वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गयी है।

****************

इस बीच हमारे संवाददाता ने बताया कि घाटशिला में मुख्य मुकाबला भाजपा के प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन और झामुमो के सोमेश सोरेन के बीच है। हालांकि जेएलकेएम इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने का प्रयास कर रहा है।

****************

राज्य में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम–एसआईआर की तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। इस सिलसिले में आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पदाधिकारी आगामी एसआईआर में सुविधा के लिए वर्तमान मतदाता सूची का 2003 के मतदाता सूची से अधिक से अधिक मैपिंग करना सुनिश्चित करें।

****************

स्थानीय शहरी निकाय चुनाव कराने को लेकर निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो के द्वारा दायर अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट में आज सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया कि हमने नोटिफिकेशन एवं ट्रिपल टेस्ट की रिपोर्ट राज्य इलेक्शन कमीशन को दे दिया है। इसके बाद राज्य इलेक्शन कमीशन द्वारा बताया गया कि बीसी वन और बीसी टू के लिए आरक्षण तय करने में समय लग रहा है। इसलिए तीन महीने का और समय चाहिए किन्तु न्यायालय ने इसे खारिज कर दिया और अगली सुनवाई में चुनाव की निश्चित तारीख के साथ न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश दिया है।

****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

****************

प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा पर वोट चोरी के माध्यम से संवैधानिक व्यवस्था को हाईजैक करने का आरोप लगाया है। रांची में आज एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर पार्टी के प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि झारखंड में मतदाताओं के बीच इस मुद्दे पर जागरूकता फैलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें लगभग 16 लाख आम जनता के हस्ताक्षर संग्रहित किए गए हैं।

****************

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ने झारखंड में महिला कांग्रेस की नई अध्यक्ष के रूप में रमा खलखो की नियुक्ति की है। कांग्रेस अध्यक्ष की स्वीकृति के बाद पार्टी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने आज उनकी नियुक्ति की घोषणा की।

****************

जेल में बंद आइएएस अधिकारी विनय चौबे की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। चर्चित शराब घोटाला और हजारीबाग में खासमहल जमीन घोटाला मामले में आरोपी विनय चौबे को एसीबी ने अब हजारीबाग में उनके कार्यकाल में हुए वन भूमि घोटाला में भी अभियुक्त बनाया है। उन्हें इस केस में रिमांड करने के लिए एसीबी ने कोर्ट में आवेदन दिया है।

****************

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ 22 सितम्बर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। आज हम सुनते हैं अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से लद्दाख की अर्थव्यवस्था को कैसे बढ़ावा मिल रहा है। एक रिपोर्ट–

****************

फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल की एक बैठक आज बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के डायरेक्टर विनोद कुमार के साथ हुई। बैठक में एयरपोर्ट संचालन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याओं और सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई।

****************

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा रजरप्पा क्षेत्र में महिला कर्मियों के साथ एक संवादात्मक कार्यक्रम "नारी शक्ति के संग चाय पे चर्चा" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोल इंडिया लिमिटेड के मानव संसाधन निदेशक डॉ. विनय रंजन तथा सीसीएल के मानव संसाधन निदेशक हर्ष नाथ मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस दौरान महिला कर्मचारियों ने अपने अनुभव, चुनौतियां और विभिन्न परिचालन क्षेत्रों में अपने योगदान को साझा किया।

****************

झारखंड रजत जयंती समारोह की तैयारियां तेज हो गयी हैं। इसका शुभारंभ कल राजधानी रांची सहित राज्यभर में "रन फॉर झारखंड" कार्यक्रम होगा। रांची में यह कार्यक्रम मोराबादी स्टेडियम से सैनिक मार्केट तक सुबह साढ़े छह बजे शुरू होगा।

****************

झारखण्ड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुमला जिला प्रशासन द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****************

जमशेदपुर स्थित बिरसानगर में आज दिनदहाड़े पीके कंस्ट्रक्शन कंपनी के ऑफिस में 10 लाख रुपए की लूट हुई। तीन सशस्त्र अपराधियों ने कंपनी मालिक से नगदी छीनी और फरार हो गए। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

****************

वर्ल्ड कप लॉन बॉल्स में रजत पदक जीतकर झारखंड और देश का गौरव बढ़ाने वाले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिनेश कुमार का आज रांची रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लॉन बॉल्स के खिलाड़ी, अधिकारी और झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद थे।

*****************